# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
# प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, उत्तरकाशी

E.Mail. pdpwduki@yahoo.com Fax No- 01374-222108 Tel No- 01374-222108


पत्रॉक 687 / वनभूमि दिनॉक 30 / 03 / 2021

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी,
कोट बंगला, वनप्रभाग,
उत्तरकाशी।

विषयः— रा0यो0 के अन्तर्गत जनपद उत्तरकाशी के डुण्डा – धनारी – सेम – मुखेम मोटर मार्ग का पटुडी से आगे सेम नागराजा मन्दिर तक निर्माण। ( ल0—10.00 किमी0)

सन्दर्भ :— आपका पत्रांक— 3221 / 12—1, कोट बंगला दिनांक 05 / 03 / 2021

महोदय,

उपरोक्त सन्दर्भित विषयक इस मोटर मार्ग की स्वीकृति 2488 / 111(2)/06-3 मु0मं0घो0 / 2008 दिनांक 25 / 07 / 08 के द्वारा 10.00 किमी0 लम्बाई मे रू0 367.50 लाख मात्र की स्वीकृति प्राप्त है।

यह मोटर मार्ग पटुडी से आगे 3 किमी निर्मित मार्ग के पश्चात प्रारम्भ होगा व इसके आगे 2.50 किमी0 भाग मे ग्रामीणों के फलदार वृक्षों के बगीचे स्थित हैं जिसमे सेब इत्यादि के फलदार वृक्ष हैं। उक्त कार्य न होने के कारण ग्रामीणों को अपनी उपज मे मण्डी मे न पहुचाने के कारण आर्थिक हानि हो रही है व कोरोना की वजह से जो लोग अन्य राज्यों से अपने घर लौटे हैं पुनः उनके पलायन का खतरा उत्पन्न हो रहा है। पलायन रोकने हेतु भी राज्य सरकार द्वारा मार्गों की सुविधाएं देना प्राथमिकता मे शामिल है जिस हेतु माननीय विधायक जी द्वारा भी कार्य के शीघ्र निर्माण की संस्तुति की है। साथ ही साथ उक्त कार्य का धार्मिक महत्व भी है, जिसको देखते हुए ही क्षेत्र की मांग पर सरकार द्वारा सेम नागराजा मन्दिर को जोडने हेतु 10.00 किमी0 मार्ग निर्माण हेतु वर्ष 2008 मे स्वीकृति जारी की गई थी। उक्त स्वीकृति स्थानीय निवासी / ग्रामीणों की आस्था को देखते हुए सेम नागराजा मन्दिर से 2.00 किमी0 पूर्व तक ही दी गई थी। क्योंकि लोगों की मान्यता के अनुसार पैदल चलना आस्था का प्रतीक है। इस कार्य के निर्माण से तीर्थाटन व पर्यटन का बढावा मिलेगा। जिससे यमुना घाटी व इसके आसपास के श्रद्वालुओं को कम दूरी वाले मोटर मार्ग का लाभ मिलेगा। जिसमे स्वीकृत धनराशि मे पूर्ण योजना को सम्पादित किया जाना है। वर्तमान मे श्रमिकों व सामग्री की दरों मे वृद्वि होने से मार्ग के निर्माण मे कमी होने की सम्भावना होगी जिस हेतु मोटर मार्ग की **forest clearance** शीघ्र प्राप्त होने पर कार्य स्वीकृत धनराशि मे पूर्ण किया जा सकेगा।

अतः मोटर मार्ग के निर्माण की औचित्यपूर्ण आख्या उचित कार्यवाही हेतु प्रेषित।

भवदीय,

अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड़ लो0नि0वि0,
उत्तरकाशी।

687 / वनभूमि 30/3/2021

प्रतिलिपिः— सहायक अभियंता —II को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड़ लो0नि0वि0,
उत्तरकाशी।

DyL